Dr. Melkote (Hyderabad): The Minister has stated that cholera was prevalent in that area. If there was cholera infection, the children should have been inoculated. In view of the fact that inoculation has not taken

[Dr. Melkote]

place and a number of children have died, people feel that it is not due to choldera, but something else. Is the Minister aware of this? If it was due to cholera, why were they not inoculated earlier?

Dr. Sushila Nayar: I have already submitted, and my colleague has also submitted, that seven cases have been found positive on culture for cholera bacilli. So far has inoculations are concerned, I have submitted that about one-third of the children had been inoculated. It is well known that there is resistance amongst our people against inoculations.

Shri Ranga: Not now.

Dr. Sushila Nayar: There is no compulsory inoculation, and parents get their children inoculated if they want to, and refuse if they want to.

Shri Heda (Nizamabad): Has it come to the notice of Government that those children who did not attend the school, or partake in the mid-day meals on those days, were the victims, and some of them have died; if so, what is their number?

Shri Bhakat Darshan: It is a fact. As I read out in the statement, out of 216 cases, 10 were adults. . . (*Interruptions*).

Mr. Speaker: Shri Vishram Prasad.

श्री विश्राम प्रसाद (लालगंज) : अभी मंत्री जी या मंत्रिणी जी ने कहा है कि आसपास के आठ गांवों में कालेरा फैला हुआ था और इस गांव में इन्फैक्शन नहीं था। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब उन आठ गांवों में कालेरा फैला हुआ था, तो सरकार ने क्या कार्यवाही की। मंत्रिणी जी ने कहा है कि कुंए की सफ़ाई करना पंचायत का काम था, भारत सरकार, एडूकेशन मिनिस्ट्री या हैल्थ मिनिस्ट्री का काम नहीं था। जब यह भारत सरकार की ड्यूटी नहीं थी, तो फिर इस हाउस में इस सवाल का जवाब क्यों दिया जाता है ?

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य यह तो मेरी कसूर बता रहे हैं। अगर मैं जवाब देने की इजाजत न दूं, तो मैं जिम्मेदार और बुरा और अगर मैं जवाब देने की इजाजत देता हूं, तो माननीय सदस्य कहते हैं कि क्यों जवाब दिया जाता है।

श्री विश्राम प्रसाद : मंत्रिणी जी ने कहा है कि यह भारत सरकार या एडूकेशन मिनिस्ट्री या हैल्थ मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी नहीं थी, इसलिए मैंने यह बात कही है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब उन आठ गांवों में कालेरा फैला हुआ था. तो वहां पर क्या कार्यवाही की गई ? क्या वहां पर पोटैशम परमेंगनेट वगैरह का प्रयोग किया गया ?

डा० सुशीला नायर : जो भी कार्यवाही स्टेट गवर्नमेंट ने मुनासिब समझी होगी, वह उसने की होगी। अगर माननीय सदस्य चाहते हैं, तो स्टेट गवर्नमेंट से वह इन्फ़र्मेशन मंगा कर दे दी जायेगी।

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): On the first day, the hon. Minister of Education made a statement from which it was evident that it was due to some defective cooking. But later on, now, we are told that because there was choldera there, these small boys were victims. The doubt persists in the minds of the general public in the country. I would like to know whether a judicial enquiry or a high-powered enquiry into this incident will be held to elicit the truth?

Dr. Sushila Nayar: No, Sir. we have made the enquiry that was necessary. We are quite satisfied with it. We were in the first instance worried whether there were insecticides or something like that mixed with the foodstuffs. But that is not

the case. As has been explained, it was due to the insanitary conditions of cooking and there is no need for any further enquiry.

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : क्या माननीय मंत्रिणी का ध्यान समाचार पत्रों में प्रकाशित इन समाचारों की ओर गया है कि इस दुर्घटना के बाद, जिसमें 38 बच्चे मरे, इन्दौर, राजकोट और नागपुर में भी विद्यार्थियों के भोजन में विषैले पदार्थ पाए गए ?

श्री भक्त दर्शन : इस सम्बन्ध में सरकार के पास कोई सूचना नहीं है।

श्री तुलशीदास जाधव (नांदेड़) : माननीय मंत्री को मालूम है कि जेल में भी खाना देने से पहले डाक्टर उसकी इन्स्पैक्शन करते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब पहले दिन कुछ बच्चे मरे, तो क्या दूसरे दिन डाक्टरों ने बच्चों को दिये जाने वाले खाने को टैस्ट किया था।

डा० सुशीला नायर : जिस दिन—19 तारीख को—बच्चा बीमार हुआ, उस दिन से यह खाना बन्द कर दिया गया। हर एक स्कूल में बच्चों को खाना बंटने से पहले डाक्टर जा कर देखे, यह तो सम्भव नजर नहीं आता।

13.33 hrs.

STATEMENT *RE.* DISCOVERY OF DEFENCE MAP

The Minister of Defence Production in the Ministry of Defence (Shri A. M. Thomas): Mr. Speaker, during the discussion on Defence Minister's statement in Lok Sabha on 28th November, 1964 on the reported discovery of the defence map in a fruit parcel at Pipariya railway station, Madhya Pradesh, the Defence Minister agreed to furnish the name of the person who sent the fruit parcel and the name of the person to whom the parcel was sent.

The position is that a Havildar S. D. Kimothi, of Army Educational Corps sent a parcel of apples from Chaubatyia, Ranikhet to a junior commissioned officer, Jamadar Gunanand Shastri, of Army Education Centre and School, Pachmarhi, Railway station Pipariya.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): I would like to know this. Our question was twofold. One was about the name of those and other was whether the person who had sent the parcel and the person to whom the parcel was sent were apprehended and interrogated and if so what was the result of interrogation?

Shri A. M. Thomas: One person had been interrogated. The other person to whom the parcel was despatched—it has not been possible to get him—will be interrogated when he is apprehended.

Shri Hem Barua (Gauhati): What steps have the Government taken or contemplate taking against these persons who have made our defence maps or defence papers a marketable commodity like that?

Shri A. M. Thomas: As indicated by the Defence Minister, this case was enquired into. The Chief of Army Staff is of opinion that the information is already generally known to the public.

Mr. Speaker: Even if it be known to the public then too?

Shri A. M. Thomas: It is true that there has been some carelessness on the part of the officers.

Mr. Speaker: Is the Government going to do something?

Shri A. M. Thomas: Adequate action is being taken.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (बिजनौर) : संरक्षण मंत्री ने इस सम्बन्ध में अपने वक्तव्य में कहा था कि नेफ़ा और लद्दाख के ये नक्शे

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

रानीखेत में कैसे मिले, वह इस के बारे में जानकारी लेने का यत्न करेंगे। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इस बारे में उन्होंने कोई जानकारी प्राप्त की है।

The Minister of Defence (Shri Y. B. Chavan): Yes, Sir. I would like to explain this point. The Jemadar and the Havildar both of them belong to the education corps. These maps were traced for the education of the army units there and the Havildar himself is one of the persons concerned with this type of educational work.

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : मैं यह जानना चाहता हूं कि जिन व्यक्तियों के द्वारा ये नक्शे भेजे गए थे, क्या उनको वहां से हटा दिया गया है या नहीं, उनके बारे में क्या कार्यवाही की गई है और भविष्य में ऐसी घटना न हो, उसके लिए सरकार ने क्या कदम उठाया है।

अध्यक्ष महोदय: मिनिस्टर साहब ने कहा है कि उन में से एक आदमी हाथ में आया है और उस को इन्टेरोगेट किया गया है। जब दूसरा आदमी हाथ में आयेगा, तो उस को भी इन्टेरोगेट किया जायेगा।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : मंत्री जी ने बताया है कि ये नक्शे किसी सैनिक मास्टर ने भेजे थे। मैं यह जानना चाहता हूं कि भविष्य में सैनिक मास्टर इस प्रकार के नक्शे न भेज सकें, इस बारे में कोई हिदायत दी गई है या कोई कानून बनाया गया है।

श्री यशवन्तराव चव्हाण: कानून बनाने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे कागजात के बारे में रूल्ज और कानून पहले से ही हैं। इस आदमी ने कुछ नैग्लिजेंस और केयरलैसनेस दिखाई है। इस बारे में क्या ऐक्शन लिया जाये, इस पर विचार किया जा रहा है।

श्री बड़े (खारगोन) : ये नक्शे रद्दी में भेजे गए थे।

अध्यक्ष महोदय: वे रद्दी में नहीं भेजे गए थे। उन में फल डाल कर भेजे गए थे।

श्री बड़े : जी हां, ये नक्शे फलों के पैकेज में भेजे गए थे। मैं यह जानना चाहता हूं क्या शासन ने इस बात का पता लगाया है कि ये नक्शे कैसे उस व्यक्ति के हाथ में आए और भविष्य में इस प्रकार के नक्शे किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ में न आयें, इस के लिए शासन ने क्या कार्यवाही की है।

अध्यक्ष महोदय: इस का जवाब आ चुका है।

13.38 hrs.

RE. MOTION OF PRIVILEGE

Mr. Speaker: There were two notices of Privilege motions received on the 23rd September, 1964, from Shri Mani Ram Bagri and Shri Hem Barua in connection with certain allegations in one publication. I had read out the notices in the House. The Members from all sides of the House had expressed affection in abundance for me. The Leader of the House had advised that the matter might be left there without any notice being taken of the publication. I felt overwhelmed with gratitude for the indulgence shown and confidence expressed. But in spite of that I had offered to put the whole case before the leaders of the Opposition groups.

I made a written request to the leaders to come to my Chamber at 2.30 p.m. on the 25th September, 1964. Shri Mani Ram Bagri informed me, the previous evening, that he had an urgent business in his Constituency, and could not attend. He further told me that Dr. Ram Manohar Lohia would represent him (Shri Bagri) also.

On the day of the meeting, but sometime before the meeting, Dr. Lohia informed me that, on principle, he was opposed to such a meeting as he had expressed clearly on the floor of the Lok Sabha, and he would not attend. My efforts to persuade him could not succeed and he did not come.

Shri N. G. Ranga, Shri Hiren Mukerjee, Shri U. M. Trivedi, Shri Frank Anthony and Shri Hem Barua were kind enough to assemble in my Chamber. I had brought all records with me, and began to explain my position. But all of them unanimously rejected my offer and refused to look into the papers, though we had cursory talks over some issues.

Today we are adjourning *sine die*. The notices had been kept in abeyance. Even if it be indirectly, the conduct of the Speaker is sure to be discussed if the privilege motions are admitted. Therefore, this cannot be done. The discussion can only take place when a direct motion for the removal of the Speaker is there. Hence, I disallowed these two motions.

In the end, again, I must reiterate that I have no words to express my feelings and deep sense of gratitude to all Members for the confidence reposed in me and the indulgence shown to me since I took over office and more particularly on the day these notices were tabled here.

Shri S. M. Banerjee: Sir, I should other day you remember you said that I said something or did something which insulted you, casually insulted you. Though I had written a letter to you, still, I would like to mention here that I had no intention of any such thing; sometimes, overeloquence can be construed as disobedience. I would request you not to keep anything in heart; I had no such intention in my heart. For whatever I have done—if I have injured your sentiment—I sincerely express my regret.

Mr. Speaker: I am grateful to the hon. Member.

Shrimati Renu Chakravartty (Barrackpore): May I say a word on this? We also felt that although there have been cases when there have been great outbursts, or, shall I say, emotion or even sometimes temper, on the whole, I think we have tried to carry on the work in this House with a certain amount of give and take. So, I also felt that that day, the remarks which were made and the feelings that were expressed—and your feeling that anybody has said anything against you—should not be there.

About Shri Banerjee, in the past also there have been occasions like that, but I do not think one Member can be singled out. I am sure that you also agree that these things are to be forgotten.

Mr. Speaker: Shri Banerjee has not referred to my reply to him. I do not know whether it has reached him or not.

Shri S. M. Banerjee: You have replied to me very nicely.

Mr. Speaker: Then is he not satisfied with that?

Shri S. M. Banerjee: I only wanted to make that submission.

Mr. Speaker: I also reiterate that there is nothing in my mind. I have said that I have all appreciation for the diligence and the devotion that he has shown in this House. Everything that happens here—I leave it there. I do not carry any malice, any ill-will, against any Member when I go back to my Chamber. Shri Banerjee should rest assured of it. I might have differences with him and sometimes I might express myself also very strongly..

Shri S. M. Banerjee: I want only an opportunity to speak . . . (*Interruption*)

Shrimati Renu Chakravartty: He is trying to extract a promise?

Mr. Speaker: I am giving no promises. He must rest assured that there is nothing in my mind, and I never carry any ill-will, any rancour, any malice against any Member of the House. Whatever might happen here, that is left here. I request other hon. Members also to just leave those things here and not to take them outside.

Dr. M. S. Aney (Nagpur): Let me assure you, Sir, that nobody in the House ever thinks that you can carry anything in your mind at all.

Mr. Speaker: I am so grateful to the hon. Member's remarks.

REPRESENTATION OF PEOPLE (SECOND AMENDMENT) BILL*

The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri Jaganatha Rao): On behalf of Shri A. K. Sen, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951.

Mr. Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951."

The motion was adopted.

Shri Jaganatha Rao: I introduce the Bill.

13.45 hrs.

MOTION *RE.* REPORT OF BACKWARD CLASSES COMMISSION

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : अध्यक्ष महोदय....

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) : मैं एक निवेदन करना चाहता हूं । यह प्रतिवेदन बहुत ही महत्वपूर्ण है और इस पर काफी समय मिलना चाहिये

अध्यक्ष महोदय : इसको शुरू तो होने दीजिये, यह भी देख लिया जायगा ।

श्री रामसेवक यादव : इसका ताल्लुक 36 करोड़ इंसानों से है और वे जो समय दिया गया है वह बहुत थोड़ा है ।

अध्यक्ष महोदय : इसलिए शुरू नहीं करना चाहते हैं, इसको ?

श्री मौर्य (अलीगढ़) : शरू होने से पहले मैं भी एक प्रार्थना करना चाहता हूं। इस देश के 65 प्रतिशत लोगों का जिस से सम्बंध है, उस कमीशन की रिपोर्ट एक तो बारह बरस के बाद प्रकाश में आई हैं और जब आई भी है तो श्रीमन्, उस के लिए दो घंटे देना बिल्कुल भी उचित नहीं है और कम से कम इसके लिए पन्द्रह घंटे दिए जाने चाहियें। जो समय इस सेशन में दिया जा सकता हो, दिया जाए, बाकी अगले सैशन में, जब वह प्रारम्भ हो, दे दिया जाए ।

अध्यक्ष महोदय : यही बात तो मैं कह चुका हूं । अफसोस की बात है कि जब एक बात एक बार कही जा चुकी है तो फिर उसको दोहराने की कोई जरूरत नहीं रह जाती है । वह बात हाउस के सामने आ गई है और मैंने यकीन भी दिलाया है कि इसको शुरू होने दीजिये और देख लिया जाएगा । हाउस मालिक है अपने वक्त का और अगर हाउस और वक्त चाहेगा तो और वक्त भी मिल जाएगा । जैसे हाउस की मर्जी होगी वसा ही होगा । आज जितना हो सकेगा, उतना आज इसको दे दिया जाएगा और फिर इस को अगले सैशन में हम जारी रखेंगे ।

श्री मौर्य : बहुत महत्वपूर्ण विषय है।

---

*Published in the Gazette of India Extraordinary Part II, section 2, dated 3-10-1964.

STATEMENT *RE.* FOOD SUPPLY POSITION

The Minister of Food and Agriculture (Shri C. Subramaniam): You made a suggestion that I should today make a statement with regard to the food supply position. I beg to lay a statement on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-3324/64].

MOTION *RE.* REPORT OF BACKWARD CLASSES COMMISSION—*Contd.*

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : अध्यक्ष महोदय, इस विषय को सरकार कितना महत्व देती है यह इसी बात से जाहिर है कि बारह साल तक इस रिपोर्ट का पर्दाफाश नहीं होने दिया गया। साथ ही जिन मिनिस्टर साहब का इससे ताल्लुक है, जिनके साथ इसका सब से ज्यादा सम्बंध है, वह भी हाउस में हाजिर नहीं है, हाउस से गैर हाजिर है।

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : अध्यक्ष महोदय, अणु बम के बारे में जो बात थी.....

अध्यक्ष महोदय : ऐसा करना तो ठीक नहीं है। कुछ तो सोचना चाहिये। मुझे इलजाम देते हैं कि मैं सख्ती से पेश आता हूं। कुछ तो रूल्ज की पाबन्दी चाहिये। एक साहब तकरीर कर रहे हैं, तकरीर शुरू भी हो गई है आप बीच में खड़े हो कर रोकते हैं।

श्री हुकम चन्द कछवाय : जानकारी चाहता था, कब तक होगा।

श्री यशपाल सिंह : इसी रिपोर्ट के पेज 59 पर लिखा हुआ है :

"The real and only solution therefore lies in the fact that the entire political power should be vested in the hands of the so-called Shudras, *viz.*, Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes, until such time as this caste feeling of high and low shall have disappeared. This was also exactly the feeling of Mahatma Gandhi, the Father of the Nation, who expressed it just a day before his assassination as follows:—

मैं महात्मा गांधी की वाणी में बोल रहा हूं। आज ही एक सज्जन आये थे जिन का नाम मैं भूल गया हूं और उन्होंने किसान की बात कही। मैंने उन से कहा कि मेरी चले तो हमारा गवर्नर जनरल, हमारा प्रेजीडेंट किसान होगा। महात्मा गांधी ने भी कहा था कि हमारा बड़ा वजीर किसान होगा, सब कुछ किसान होगी। इसका कारण उन्होंने यह बताया था कि यहां का राजा किसान है। मुझे बचपन में यही सिखाया गया है कि हम किसान जो कुछ पैदा करता है, वही खाते हैं। किसान का बच्चा अगर पैदा न करे तो क्या खायेंगे? इस वास्ते हिन्दुस्तान का सचमुच राजा वही है। लेकिन आज हम उसे ही गुलाम समझ कर बैठे गये हैं। आज किसान क्या करे? एम० ए० करे, बी० ए० करे? आप किसान को मिटायें न। अगर वह कुदाली नहीं चलायेगा, अगर वह खेती नहीं करेगा तो लोग खायेंगे कहां से? इसीलिए महात्मा गांधी ने आगे कहा है कि किसान जनरल बने, किसान प्रधान बने तो हिन्दुस्तान की शक्ल ही बदल जायेगी। आज जो सड़ा करता है, वह कल को सड़ेगा नहीं।

13.48 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

"By the word Kisan he meant nothing else than these backward classes constituting the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and Other Backward Classes, and I believe firmly that this was with reference to my talk with him during Simla Conference."

विधि तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री (श्री अ० कु० सेन) : किस रिपोर्ट में से पढ़ रहे हैं ?

श्री यशपाल सिंह : बैक्वर्ड क्लासिस कमीशन की रिपोर्ट के पेज 59 से पढ़ रहा हूं ।

जो कुछ मैंने पढ़ा है वह महात्मा गांधी जी की वाणी में पढ़ा है । आज सरकार इन लोगों के साथ क्या सलूक कर रही है ? इसको आपको चाहिये कि आप देखें । रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि कुछ लेबर सोसाइटीज को पांच सौ करोड़ रुपया दिया जाएगा । 26 करोड़ इंसानों के लिए पांच सौ करोड़ रुपया मुकर्रर है । और वह किरलोस्कर साहब जो एक उद्योग-पति हैं, इंडस्ट्रियलिस्ट हैं, पूंजीपति हैं, उन को 2 करोड़ 51 लाख रुपया दिया गया है । एक शख्स को इतना रुपया दिया गया है कि और 26 करोड़ के हिस्से में शायद एक पैसा भी नहीं आता है । किस तरह से यह लेबर सोसायटीज चलेंगी, किस तरह से फार्मिंग चलेगी, किस तरह से कैट्ल फार्मिंग होगी, भूमि की तरक्की होगी, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि जो लोग भूमि की तरक्की कर सकते थे उनको निकाल कर बाहर कर दिया गया है । क्या कोई और देश ऐसा है जिस में मेहनतकश जनता को इस तरह से पीछे ढकेला जाता है । यह जो बात कही जाती है कि 'फेअर फील्ड ऐंड नो फेवर, ईक्वल अपार्चुनिटी, यह तो सिर्फ लोगों को बहकाने के लिये है । आज कहीं पर भी फेअर फील्ड और नो फेवर नहीं है और जो ज्यादा वादा किया गया था ईक्वल अपार्चुनिटीज का वह भी खत्म कर दिया गया है । क्या मैं सरकार से एक बात पूछ सकता हूं ? सरकार ने वादा किया था कि कुल मिला कर साढ़े बारह फीसदी रिजर्वेशन होगा । क्या उस साढ़े बारह फी सदी के टार्गेट में से सरकार आज पांच फीसदी भी पूरा नहीं कर सकी है । वह बिल्कुल पूरा नहीं हुआ है । मैं माननीय पंजाब राव देश-मुख का अनुग्रहीत हूं कि उन्होंने हैदराबाद के अन्दर बोलते हुए 20 अप्रैल, 1958 को यह बात साफ की थी कि उन लोगों के साथ स्टेपमदर्ली ट्रीटमेंट किया जा रहा है । ऐसे स्पष्टवक्ता का मैं बड़ा भारी आभारी हूं । इस देश के अन्दर छः करोड़ गूजर रहते हैं, जो कि बैकवर्ड क्लासेज में आते हैं । उन गूजरों की बात मैं कहता हूं तो उस को फिर्कापरस्ती कहा जाता है, लेकिन हमारे स्वर्गीय प्रधान मंत्री गूजर कांफरेंस का उद्-घाटन करने के लिये शिवपुर तशरीफ ले गये थे। मैं वहां पर मौजूद था। भारत के स्वर्गीय प्रधान मंत्री ने वहां यह वादा किया था कि कांग्रेस शासन के हाथ में गूजरों का भाग्य बिल्कुल सुरक्षित है । मैं पूछना चाहता हूं कि यह क्या सुरक्षा है जब छः करोड़ गूजरों में से एक भी एम०पी० नहीं ? न उस को कांग्रस ने एम० पी० का टिकट दिया न कहीं नामिनेट किया और न वह राज्य सभा में आ सका । इतनी बड़ी तादाद है उन की लेकिन उन में से एक भी आज तक डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट नहीं है, आज तक एक भी उनका कमिश्नर नहीं है । जो 26 करोड़ इन्सान है उन लोगों में से मैं पूछना चाहता हूं कि कितने गवर्नर हैं, कितने अम्बसेडर हैं, उन में से कितने ऐसे लोग हैं जो कि चीफ सेक्रेटरी हैं। सारे हिन्दुस्तान के अन्दर शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्ज और बैकवर्ड क्लासेज के कितने आदमी हैं जो आगे आये हुए हैं । आखिर कब तक आप इस गाड़ी को खींचना चाहेंगे समाजवाद के नाम पर, कब तक लोगों की आंखों में धूल झोकेगी सरकार । मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर कब तक इस तरह से काम होता रहेगा । मेरे सामने यह सरकारी आंकड़े है। यह किसी और

के आंकड़े नहीं हैं, खुद सरकार के हैं। क्या इसी तरह से खेती की तरक्की होगी ? जो मेहनतकश जनता के इन्सान हैं, 7 करोड़ इन्सान हैं, उन के पास बैठने के लिये भूमि नहीं है, उन के पास रोजगार के लिये रुपया नहीं है, उन के पास खाने के लिये रोटी नहीं है, और समाजवाद का नारा लगा कर सरकार आज भी कोई डेफिनिट डेट नहीं दे सकती है कि उन की रोटी और कपड़े का इन्तजाम कैसे होगा। पांच साल में एक दिन आता है एलेक्शन का, उस दिन बैकवर्ड क्लासेज को सरकार याद कर लेती है, लेकिन पांच साल के बाद कोई दिन ऐसा नहीं आता कि कभी बैकवर्ड क्लासेज को याद किया जाये। शेडयूल्ड कास्ट्स को याद किया जाये, पस्मांदा अकलाम की याद की जाये। मैं साफ तौर से कहना चाहता हूं कि इस पर्दे को जनता ने समझ लिया है, जनता इस पर्दे को जान चुकी है, और यह 26 करोड़ इन्सान अब धोखे में नहीं रह सकते।

मेरी खास तौर पर यह अर्ज है कि आज का जो डिस्कशन है, यह मैं कोई लेक्चर देने के लिये नहीं खड़ा हुआ हूं, कोई डिबेट नहीं कर रहा हूं, इस के साथ लोगों के एग्जिस्टेंस का सवाल है। हम लोग भी उन्हीं में से हैं। मैं खुद जिस तबके से ताल्लुक रखता हूं वह बंगाल में बैकवर्ड लिखा हुआ है। थोड़े से लोगों को, जो राज कर रहे हैं, छोड़ कर हम सब लोगों को बैकवर्ड बनाया गया है। आज अगर माननीय सरकार का बस चलता तो यह मुसलमान को भी बैकवर्ड बना कर छोड़ते। लेकिन मुसलमानों के कल्चर में यह बात लिखी हुई है कि मुसलमान अपने भाग्य को, अपने मुकद्दर को बदलने के लिये किसी से शिकायत नहीं करता है, वह अपने ईमान पर, अपने रसूल पर यकीन रखता है और वह यह समझता है कि लगे लगाये बागों का, बने बनाये मकानों का प्रलोभन उस पर हावी नहीं आ सकता। इसलिये आज तक मुसलमानों को बैकवर्ड नहीं बनाया जा सका। मुझे यह बतलाइये कि जिन्होंने 26 करोड़ जनता के साथ खिलवाड़ किया है, जिन्होंने 26 करोड़ जनता के हकूक को दबा कर रक्खा है, वह कब तक इस देश के शासन को सम्भाल सकते हैं।

महात्मा गांधी ने कहा था कि भंगी की बेटी होगी जो कि देश के प्रधान मंत्री के पद पर बैठेगी, लेकिन भंगी के बेटी क्या, भंगी का एक बेटा आया है, और वह भी हमारी जद्दोजहद से आ गया है। अगर हम जद्दोजहद न करते तो शायद वह भी नहीं आ सकता, प्रधान और प्रधान मंत्रित्व की बात तो अलग रही। यह कागजी कारवाई कब तक चलेगी। हिन्दुस्तान की सरकार है जो आज तक गल्ले के मसले को हल नहीं कर सकी है। गेहूं का मसला इस लिये हल नहीं हो सका क्योंकि जिन के हाथ में गेहूं का मसला दिया गया है वह जानते नहीं कि खेती कैसे होती है। मैं किसी और की जबान में नहीं कहता हूं, मैं भारत के राष्ट्रपति की जबान में कहता हूं महामहिम गौरवानित्व डा० राधाकृष्णन की जबान में कहता हूं, उन्होंने भाषण देते हुए यह कहा है कि खेती के मसले में जो कुछ किया गया है वह कागजी कार्रवाई है। जो कुछ किया गया है वह गोल माल किया गया है। खेती को आज तक इमदाद नहीं पहुंच सकी किसी तरह से। किस तरह से इस देश के इतने बड़े जनमत का, इतने बड़े बहुमत का, भला हो सकता है। जो थोड़े लोग हैं, जो कुर्सियों पर कब्जा किये हुए बैठे हैं और रिजर्वेशन की बात करते हैं, उनकी बात मेरी समझमें नहीं आती। आज रिजर्वेशन किस हिसाब से दिया जा रहा है। 5 फी सदी शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोग हैं, साढ़े बारह फी सदी शड्यूल्ड ट्राइब्ज के हैं और रिजर्वेशन के लिये लिखा हुआ है, **अराइजिंग वंट इश्रर : अराइजिंग वंट इश्रर**

[श्री यशपाल सिंह]

का क्या मतलब है । पूरे 26 सालों में जाकर के 1 फी सदी को अकोमोडेट कर सकेंगे ।

जो काबिलियत की बात कही जाती है तो काबिलियत आस्मान से नहीं आती है न उन लोगों ने काबिलियत आसमान से हासिल की है । काबिलियत तब आती है जब काम करने का मौका दिया जाये । यह तो अंग्रेज की दलील थी कि हिन्दुस्तान काबिल हो जाये तब हम हिन्दुस्तान को छोड़ कर चले जायेंगे । अगर काबिलियत की बात कही जाती है तो बराबर के चान्सेज भी होने चाहियें । जबतक मैं रुड़की यूनिवर्सिटी के सेनेट में नहीं था वहां एक लड़के का करीब 800 रुपये माहवार खर्च पड़ता था । जो लड़का हमारे काश्तकार का था, छोटे जमीदार का था, शैड्यूल्ड ट्राइब्ज या लेबर क्लास का था, वह वहां नहीं पढ़ सकता था । मैं ने सेनेट के अन्दर बैठक उस कानून को बदलवाया । आज हमार लड़का धोती, कुर्ता और पायजामा पहन कर पढ़ सकता है और एक सस्ते होटल में रह कर खाना खा सकता है । वह 800 रु० माहवार बर्दाश्त नहीं कर सकता था । जो काबिलियत की बात कही जाती है उस का मतलब है कि हम सौ सालों तक भी काबिल नहीं हों सकेंगे । हम को बराबर की रेस करनी चाहिये । एक शख्श कार के अन्दर बैठा हुआ है, दूसरा पैदल है । दोनों को आप कहते हैं कि दौड़ लगा कर दिखलाओ वह नहीं दिखला सकता । या तो आप दोनों को कार सप्लाई कीजिये या दोनों को पैदल कीजिये, उस के बाद वह रेस कर सकेंगे । यह जो बात कही जाती है वह मेरी समझ में नहीं आती ।

इसके बाद आप देखें कि इंटरव्यू के अंदर क्या होता है । इंटरव्यु के माने क्या हैं । यह बात आज तक मेरे समझमें नहीं आ सकी है कि इंटरव्यू किस बला का नाम है । मैं आप से पूछना चाहता हूं कि एक लड़का जो यूनिवर्सिटी का रेकार्ड बीट कर के आया है, एक लड़का जो फस्ट क्लास विन कर के आया है, एक लड़का जो फिजिक्स में काबिल है, कैरेक्टर और एजुकेशन में टाप कर के आया है, जो बीस साल तक फर्स्ट डिवीजनर रहा है, जिसको बीस साल तक शाबाशी मिलती रही हो, उस को आप आधे घंटे के अन्दर कैसे रिजैक्ट कर सकते हैं । जो बीस सालों से स्कूल और कालेज के कम्पिटीशनों में हमेशा फर्स्ट आया हो, उस को आधे घंटे के अन्दर रिजैक्ट कर दिया जाता है, यह धोखाधड़ी है, हिन्दुस्तान के गरीब आदमी को पीछे ढकेलने के लिये इंटरव्यू का ढोंग रचा जाता है । इंटरव्यू अगर लेनी है तो मैदान में खड़े हो कर लीजिये । मेरी इंटरव्यू अगर लेनी है तो मैदान में लें, पार्लियामेंट हाउस में लें, पचास हजार आदमियों में लीजिये । लेकिन मकान के अन्दर मकान, मकान के अन्दर मकान, मकान के अन्दर मकान, अंधेरे में बैठ कर इंटरव्यू ली जाती है । जो ऊंची से ऊंची काबिलियत का मालिक है उस को, उस की जुल्फों की मांग खराब थी, उस के पैंटकी क्रीज खराब थी, उस का कालर खराब था, इसलिये रिजैक्ट किया जाता है । मेरा कहना है कि इस इंटरव्यू के ढकोसले को एक दम बन्द किया जाये । अगर मेरी इंटरव्यू लेनी है तो राइफल में लीजिये । हिमालय पहाड़ पर लीजिये, मेरी इंटरव्यू अगर लेनी है तो शेर के शिकार में लेनी चाहिये, तैराकी में लेनी चाहिये । छः मकानों के अन्दर ले जा कर इंटरव्यू का क्या मतलब होता है ।

वाइवा वोसी क्या है, वह भी एक ढोंग है, इसलिये कि बैकवर्ड क्लासेज के

भाई पीछे रहें, बैकवर्ड क्लासेज को पीछे ढकेलने के लिये वाइबा बोसी है । यह भूदान क्या है, यह मैं अपने विधि मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं । जब हम कहते हैं कि सारे हिन्दुस्तान में सब लोग बराबर कर दिये गये हैं तो भूदान के क्या माने । भूदान दिया जाता है, दान लेता है दुनिया के अन्दर कमजोर, दान लेता है अपाहिज, अन्धा और अपंग लेकिन जो ट्वायलिंग मासेज हैं, जो एक्स्प्लायटेड मासेज हैं, जो मेहनतकश जनता है, जिसने पहाड़ खोद कर झरने कायम किये हैं, रेगिस्तान को मिटा कर चमन कायम किये हैं, जिन्होंने भाखरा डैम को बनाया, जिन्होंने नानक सागर को खड़ा किया है, जिन्होंने इस देश के अन्दर अपने परिश्रम से चमन खिलाये हैं, उन के लिये दान के क्या माने । दान का कोई अर्थ नहीं होता है । दान दिया जाता है गिरे हुए को । ये लोग तो राज के मालिक हैं, ये शासन के मालिक हैं, ये मुल्क के मालिक हैं, ये भूमि के मालिक हैं । ये हुकूमत के मालिक हैं, ये सम्पत्ति के मालिक हैं । मेरी समझ में नहीं आता कि कब तक यह ढकोसला चलेगा । ये चीजें पुरानी हो गयी हैं, ये अब नहीं ठहर सकती ।

आज पुरानी तदवीरों से
आग के शोले थम न सकेंगे ।
उभरे जज्बे रुक ना सकेंगे,
उखड़े परचम जम न सकेंगे ।।
राज महल दरवानों से,
यह सरकश तूफां न रुकेगा ।।
चन्द किराए के तिनकों से,
सैले बेबायां अब न रुकेगा ।।।

जो करोड़ों जनता आज जाग्रत हो चुकी है, जिस के अन्दर बेदारी आ गयी है, उसे आप भूदान के नारे से कंट्रोल नहीं कर सकते । मैं अदब के साथ कहता हूं और पूरी इज्जत और नम्रता के साथ कहता हूं कि माननीय जगजीवन राम ने जितना काम किया है, अगर किसी देश के मिनिस्टर ने इतना बड़ा काम किया होता तो उसे भारत भूषण आदि का खिताब अवश्य दिया जाता । उन्होंने अपनी हड्डियां पेल कर और खून पसीना जला कर इतना काम किया । और कामराज प्लान निकाल दिया जाता है, उसका शिकार कौन होता है ? वह जो छोटे क्लास से ताल्लुक रखता है, वह हुआ जो किसी ऊंचे क्लास से ताल्लुक नहीं रखता । यह तो उनका सौष्ठव और शालीनता है कि उन्होंने यह सब कुछ स्वीकार कर लिया । अगर उनके स्थान पर कन्हैलाल बाल्मीकी जी होते या श्री मौर्य होते अथवा श्री राम सेवक यादव होते तो वे इस बेइन्साफी को हरगिज बरदास्त न करते ।

14 hrs.

मेरा निवेदन है कि 26 करोड़ इनसानों की जिन्दगी के साथ कब तक खिलवाड़ किया जाएगा । आज यह हालत है कि हम लोगों को लाइन में, क्यू में जरा जरा चीज के लिए खड़ा होना होता है, एक एक माशा चीनी के लिए लोग तरसते हैं । सरकार ने साढ़े 19 रुपए मन पर चीनी विदेशों को बेची है और हिन्दुस्तान का किसान और मजदूर आज 70 रुपए मन चीनी ले कर खा रहा है । गन्ने में जो खोई निकलती है उसका भाव आज ढाई रुपए मन है, हमारे गन्ने में से जो पत्ती निकलती है, जो हम तक नहीं आ पाती, उस का भाव तीन रुपए मन है और हमारे गन्ने का दाम हम को 1 रुपया 10 आना मन दिया जाता है । जब किसान ने अपने खेत में गेंहूं पैदा किया तो उसका गेंहूं 13 और 14 रुपए मन पर खरीदा गया था, और आज जब किसान बोने के लिए जरूरतमन्द है तो उसे वही गेंहूं 55 रुपए मन पर खरीद कर लाना पड़ रहा है । और इससे बड़ी बेइन्साफी

[श्री यशपाल सिंह]

क्या हो सकती है। कोई ला नहीं है। हमारी मांग रही है कि किसान से जो गल्ला लिया जाए उस का भाव एक रुपए मन से ज्यादा न बढ़ने दिया जाए, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं दी जाती।

जो आज के समाजवाद का ढांचा है वह किस का बनाया हुआ है ? वह पूंजीपति का बनाया हुआ है, सरमाएदा का बनाया हुआ है। महात्मा गांधी के ढांचे के मुताबिक यह समाजवाद नहीं चल रहा है। आज भी उसे नीचा कहा जाता है जो ज्यादा सरविस करता है। धोबी को नीचे समाज का कहा जाता है क्योंकि वह कपड़ा साफ करता है। क्या इन्साफ है कि जो कपड़ा मैला करता है वह बड़ा समझा जाता है और जो साफ करता है उसको नीचे समझा जाता है। आज भंगी को, बाल्मीकी को, क्यों नीचा समझा जाता है ? क्योंकि वह सफाई करता है। जो गन्दगी करते हैं उनको ऊंचा समझा जाता है और जो सफाई करता है उसको नीचा समझा जाता है। आज समाज में हरिजन को, चमार को, क्यों नीचा समझा जाता है ? क्योंकि वह हल चलाता है। जो हल चलाता है और अपना खून पसीने एक करता है, उसको नीच कहा जाता है, और जो पड़ा पड़ा डकारता है उसको ऊंचा कहा जाता है। यह समाजवाद नहीं चल सकेगा। हम आपको सही रास्ता बतलाना अपना कर्त्तव्य समझते हैं। हमको अपोजीशन गलत कहा जाता है, यह अंग्रेजों का दिया हुआ शब्द है। हम तो आपको सही बात बतलाते हैं, जैसे कि हमारी गीता माता में लिखा है :

"यत्तदग्रे विषमिव परिणामे अमृतोपमम्" हम जो आपसे कहते हैं उसका परिणाम अच्छा है। अपोजीशन का काम आपको सही रास्ता बतलाना है। जहां आप गलती करते हैं, वहां हम आपको सही रास्ता दिखलाते हैं। यह बात विदुर नीति में इस तरह कही गयी है:

"पुरुषाः बहवो राजन् सततं प्रिय वादिनः
अप्रियस्य तु पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः।"

मैं इस बात को जानता हूं कि जब तक सरकार इन बातों पर अमल नहीं करेगी, तब तक सरकार सही रास्ता नहीं देख सकती। सरकार से जो कुछ हम कहते हैं उस पर उसे अमल करना चाहिए। यह 26 करोड़ लोगों की जिन्दगी का सवाल है। अगर सरकार उन सब के लिए रोटी का, कपड़े का, इन्साफ का दवा का, शिक्षा का इन्तिजाम नहीं कर सकती तो सरकार यहां दोबारा नहीं आ सकेगी यह मैं दावे से कह सकता हूं।

मैं एक तीन बैलों से खेती करने वाला छोटा सा किसान हूं, जो छप्पर में रहता है। मैं यहां कैसे चला आया ? इसलिए नहीं कि मैं काबिल हूं, बल्कि इसलिए कि इनके कर्म खराब थे। अगर उनके कर्म ठीक होते तो मैं नहीं आ सकता था। लेकिन उनके कर्म अच्छे नहीं थे। इसी कारण आज कांग्रेस टूट रही है, सरकार टूट रही है। जो सरकार लोगों को रोटी नहीं दे सकती, कपड़ा नहीं दे सकती, जो सरकार चीनी नहीं दे सकती, जिस सरकार के अमल में बाजार सात बजे बन्द हो जाते हैं, जिस सरकार के राज में दिल्ली के सदर बाजार साढ़े सात बजे बन्द हो जाया करते हैं, जब कि दुनिया के बाजार खुलते हैं, क्या उसे सफल कहा जा सकता है। अगर किसी दूसरे देश में सान्याल जैसे आदमी को, हिन्दुस्तान के सालिसिटर जनरल को, गला घोंट कर मार दिया जाता है तो सरकार से इस्तीफा मांग लिया जाता। लेकिन हमारे यहां होम मिनिटर से ले कर डी० एस० पी० तक ने यह नहीं बताया कि इसके लिए जिम्मेवार कौन है।

आज इस सरकार के मातहत देश में समाजवाद की क्या दशा है। आज 26 करोड़ लोगों के लिये इस समाजवाद में क्या किया जा रहा है। आज इस समाजवाद में लोगों

के चरित्र का क्या हाल है, मैं तो राम राज्य की यह कल्पना करता हूं:

"नमस्ते नो जनपदे न
कदयो न मद्यपो,
नानाहिताग्निनां विद्वान,
न स्वैरी स्वैरिणी कुतः ।"

यह है उस राम राज्य की कल्पना जिसमें कोई नंगा नहीं, जिसमें कोई भूखा नहीं । लेकिन यहां क्या दशा है । यहां यह बयान दिया गया कि पिछले जाड़े में 37 आदमी पाले से ठिठुर कर मर गए । सैंतीस तो क्या, अगर किसी अन्य देश में एक आदमी भी इस तरह पाले से मर जाता, तो सरकार का इस्तीफा मांग लिया जाता, सरकार को नाकाबिल कह कर बाहर निकाल दिया जाता । इस अवस्था में भी समाजवाद की बात की जाती है । मैं निवेदन कर देना चाहता हूं कि जब जनता बहुत दिन तक अंधेरे में नहीं रह सकती । इन 26 करोड़ लोगों को इगनोर करके सरकार बहुत दिनों तक थाइव नहीं कर सकती । समाज व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करना होगा । गरीबों को उठाना होगा । गिरों को उठाना होगा ।

आज क्या हो रहा है ? जिनके पास 26 अरब रुपया है वह एक पैसा नहीं देते जिनको 26 हजार रुपए रोज की आमदनी है वे एक पैसा नहीं देते । लेकिन हमारी समाजवादी सरकार के हाथों तीस बीघा के काश्तकार को जालिम जमींदार कह कर मिटाया जाता है, इसी समाजवादी सरकार के हाथों छोटे से दुकानदार को जालिम सरमायादार कह कर मिटाया जाता है । लेकिन इसी सरकार के मातहत रोजाना टाटा साहब चार लाख रुपया बैंक में जमा करते हैं और उन से एक पैसा नहीं लिया जाता। इसी सरकार के अधीन एक एक कन्सर्न के पास 2700 करोड़ रुपया है पर न से एक पैसा नहीं लिया जाता। इसी समाजवादी सरकार ने जो देश के जवान लद्दाख की चोटियों पर लड़ कर अपने प्राणों की बलि देते हैं उनको 62 करोड़ रुपए माहवार पर खरीद रखा है, और इसी सरकार के मातहत टाटा के जनरल मैनेजर को 56 हजार रुपया माहवार वेतन दिया जाता है । यह समाजवाद कब तक दुनिया की आंखों में धूल झोंकेगा ।

उत्तर प्रदेश में आज भी पुलिस के तीन लाख चौकीदारों को, जो कि बैकवर्ड क्लास के हैं, पांच रुपया माहवार तनख्वाह मिलती है, एक महीने में पांच रुपया और साल भर में 60 रुपया । मैं डा० राम मनोहर लोहिया के आंकड़ों को नहीं लेना चाहता । मैं तो इसी सरकार के आंकड़ों को लेता हूं । साढ़े सात आने वाले आंकड़ों को । क्या इतनी आमदनी पर लोग ईमानदार रह सकते हैं । यह आज जो भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात कही जाती है, तो यह भ्रष्टाचार उन्मूलन नहीं हो सकता जब तक कि दो इलाज नहीं होंगे, एक तो यह कि जो करोड़पति बेईमानी करता पकड़ा जाए उसको गोली से उड़ा दिया जाए और जिनको आठ आठ दस दस रुपया माहवार मिलता है उनकी तनख्वाह बढ़ायी जाए । बढ़ाने के बाद भी उनकी तनख्वाह 125 रुपया माहवार है । इतनी कम तनख्वाह में कोई कैसे गुजारा कर सकता है । अगर आप वाकई चाहते हैं कि देश में सदाचार का राज कायम हो, राम राज्य कायम हो तो आवश्यक है कि जो भूखा है उसकी भूख मिटायी जाए, और जो करोड़पति है उसको केवल इस लायक रहने दिया जाए कि उसका रोटी कपड़ा चल सके पर वह देश का शोषण न कर सके, देश के साथ अन्याय न कर सके ।

"दंड शास्ति प्रजा सर्वा दंड एवाभिरक्षति"

जब दंड नहीं रहता तो देश के अन्दर अराजकता आ जाती है । हरी सिंह नलवा जिस वक्त पेशावर के गवर्नर हो कर गये तो उन्होंने एक कुत्ते को मंगवाया । कुत्ता उन के सामने पेश किया गया । उन्होंने कुत्ते की गरदन में एक कंठा बांध दिया जिसमें कि करोड़ों

[श्री यशपाल सिंह]

रुपये के हीरे व जवाहरात लगे हुए थे। उन्होंने यह ऐलान कर दिया कि यह कुत्ता यह बहुमूल्य कंठा पहन कर जहां जहां तक मेरा इलाका जाता है वहां यह घूमेगा। अगर चालीस दिन के बाद यह कुत्ता इस बेशकीमत कंठे के साथ वापिस लौट आता है तो मैं समझूंगा कि मेरी गवर्नरशिप कामयाब है लेकिन अगर 40 दिन के अन्दर कोई इस का कंठा खोल लेता है तो मेरी गवर्नरशिप के ऊपर लानत होगी। कहां तो हमारे देश में वह मियार था और वहां यह हालत है कि दिन पर दिन तरह तरह के जरायम बढ़ते जा रहे हैं। दूर जाने की जरूरत नहीं है यहीं दिल्ली शहर के अन्दर क्राइम्स बढ़ते जा रहे हैं और यह हालत इस देश की राजधानी की हो रही है। 25, 25 अगुवा के केस यहां पर होते हैं। बड़ोरों के घर में और एम० पीज० के घरों में चोरियां होती हैं। यहां सालीसिटर जनरल को गला घोंट कर हत्या कर दी गई और मजा यह है कि कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। इस तरह से राज्य नहीं चल सकता। राज्य चलाने का एक ही तरीका है। राज्य चलेगा दोनियात से मौरेल से। राज्य चलेगा आचार शास्त्र से, राज्य चलेगा धर्म से। लेकिन अगर मौरेल ठीक नहीं होगा, अखलाक की तालीम नहीं होगी तो राज्य नहीं चल सकता है। हमारे ही भारत के उस पुराने कलचर की नकल करके शीले ने लिखा है :—

"The most fatal error that has happened in the world was the separation of political and ethical sciences."

उन्होंने यह कहा है कि अगर राज्य के अन्दर से, राजनीति में से धर्मशास्त्र को निकाल दिया जाय, आचार शास्त्र को राजनीति शास्त्र से अलग कर दिया जाय तो देश के अन्दर तबाही आती है और यही सब से बड़ी गलती है। महात्मा गांधी ने कहा था कि धर्मविहीन राजनीति हमारे लिए पाप है। हमें उस मौरेल और अखलाक को अपने बीच में सदा कायम रखना है। जाहिर है कि अगर मनुष्यों का चरित्र उज्ज्वल होगा तो देश उज्ज्वल होगा लेकिन अगर मनुष्यों का चरित्र उज्ज्वल नहीं होगा तो देश भी उज्ज्वल नहीं हो सकता है। हमारा व्यक्तिगत चरित्र ऊंचा होगा तो देश का चरित्र भी ऊंचा हो जायेगा।

उपसभापति महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो रहा है।

श्री यशपाल सिंह : बस मैं अपने काम को शुरू करके बैठने ही वाला हूं। मैं आज फिर फिर फिर एक बार साफ तौर से ऐलान कर देना चाहता हूं कि अगर यह सरकार वाकई यह चाहती है कि देश के अन्दर सुख व समृद्धि हो तो आज देश के अंदर जो करोड़ों इंसान भूखे पड़े हुए हैं, उनकी तरफ वह ध्यान दे, उनको वह रोटी, रोजी व कपड़ा दे तभी जा कर यह देश उठेगा।

6 करोड़ गूजर इस देश के अन्दर बसते हैं और यह वह लोग हैं जिन्होंने कि पुरु को पैदा किया जिसने कि सिकन्दर के दांत खट्टे किये जिन्होंने कि राजधानी की रक्षा की और अपना संरक्षण प्रदान किया आज वे बेचारे घर से बे घर हैं। इन 6 करोड़ गूजरों का कोई पुरसां हाल नहीं है। उनका एक भी प्रतिनिधि इस पार्लियामेंट में नहीं है।

इसी तरह से यह 26 करोड़ जनता जो आज मारी, मारी फिरती है, एक अंगुल भूमि बैठने के लिए उन्हें मयस्सर नहीं है। अगर वाकई सरकार यह चाहती है कि सही मायनों में इस देश में राम राज्य आये और जनता खुशहाल हो तो उस का तरीका यही है कि देश में से सभी प्रकार का शोषण तत्काल बन्द हो। अरबपतियों और करोड़पतियों से रुपया ले कर गरीबों के बेहतरी के बारे

खर्च किया जाय । इस सरकार को जोकि अपने को जनता की सरकार कहती है उस का यह फर्ज हो जाता है कि वह इस 26 करोड़ की आबादी को जोकि आज बुरी हालत में है उनको राहत पहुंचाने का इंतजाम करें । अगर सरकार इस काम को नहीं कर सकती है तो पब्लिक इस काम को कर लेगी लेकिन गांधी का रास्ता यह है कि सरकार पाप का प्रायश्चित करे और इन लोगों के रहन सहन का इंतजाम करे । मैं और अधिक न कहते हुए इस प्रस्ताव को रखता हूं और उन सभी माननीय सदस्यों का बड़ा आभार मानूंगा जो कि इसका समर्थन करेंगे ।

I move:

"That this House takes note of the Report of the Backward Classes Commission (Vols I—III) together with the memorandum explaining the action taken thereon, laid on the Table of the House on the 3rd September, 1956."

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

"That this House takes note of the Report of the Backward Classes Commission (Vols. I-III) together with the memorandum explaining the action taken thereon, laid on the Table of the House on the 3rd September, 1956."

Dr. Ranen Sen (Calcutta East): How long will this discussion continue?

Mr. Deputy-Speaker: Only till 2.30 when the other business will be taken up. It will spill over to the next session. The time limit will be 15 minutes.

Dr. P. S. Deshmukh (Amravati): I feel very strongly on the report of the Backward Classes Commission. The Government may be guilty of many lapses, many faults, but I am sure nothing is greater than the lapse in not bringing this Report before the House so far. This Commission was not appointed just because there was a Minister belonging to the backward classes who wanted a commission to be appointed, nor was it appointed as a matter of humanity on the part of President because he felt the condition of the backward classes was pitiable and, therefore, a commission was appointed. There was a specific provision in the Constitution under which it was the bounden duty of the President to appoint a Commission. Although the word "may" is used in the relevant article I am sure nobody will quarrel with me when I say that it is not to optional or discretionary for the President to appoint or not appoint a commission. According to my reading it was incumbent on the part of the President to appoint a commission and accordingly he did appoint one, but after a great deal of delay.

The Constitution of India was adopted on the 26th January 1960. Shri Thakkar Bapa, a person whose name will be remembered by all people who are backward in India, it was he who laboured throughout his life to improve the conditions of the Adibasis. But when he saw that there was greater neglect of the other backward classes, because of his sympathy for these classes, he wrote to the President, Sardar Vallabhbhai Patel and others that this Commission which was provided for in the Constitution should be appointed at an early date. Yet, in spite of his efforts, Government took three long years before appointing the Commission. The Commission took two years to finalize its report. It is now 9½ years since the publication of that report which as I said, is not according to the whim of a Minister, not even because of a resolution passed in this House by a majority but because of a specific provision in the Constitution and that report is yet to be discussed by this House. I do not think there is any greater instance of the Constitution being treated with such utter contempt

[Dr. P. S. Deshmukh]

When we come to the House for the first time, we swear in the name of the Constitution. Every one of us is supposed to respect the Constitution and obey or follow its provisions. Yet, the Government have deliberately rather suppressed the report of this Commission all these years. I think it is an inexcusable failure on the part of Government for which nobody else could be held responsible.

What is the present position of these backward classes? It is most tragic. Not only has the report of the Commission not been published, debated and its recommendations accepted, but even what was being done before the appointment of the Commission is being abrogated or washed off, leaving these communities to their fate instead of improving them. I feel it is chimerical and absolutely unreal for the Government spokesman to talk of classless and casteless society when they function in this way, so far as the other backward classes are concerned. I would like everybody to search his heart and say whether he has advanced even a single inch in removing the poison of caste from his own mind. I make bold to say that except Pandit Jawaharlal Nehru there are not many people who are free from this poison of caste.

Shri Ram Sewak Yadhav (Barabanki): There are others too.

Dr. P. S. Deshmukh: I wonder. Unfortunately, though everbody wants to abolish caste, the condition of the society is such that we are not making any progress. It would, therefore, be the height of injustice for the Government to neglect these people when they claim consideration on the ground of social backwardness. But the present position is that even the few facilities which were available to these people in the field of education are being withdrawn.

I have taken the greatest interest in this matter. My hon. friend has paid me a compliment and I thank him very much for it. May I tell him that it was entirely due to my efforts that the post-matric scholarships were given to the backward classes? Dr. Ambedkar was the champion of the causes of the Scheduled Castes and Shri Thakkar Bapa championed the cause of the Adibasis. I was responsible in the year 1949-50 in writing to Maulana Saheb and the Prime Minister that there are crores of people who are more backward in some cases than even the Scheduled Castes and merely because they have never demanded anything agitated about, nothing is being given to them. We know what the population of Muslims in this country was and what were the privileges and facilities given to them by the British Government so long as they were here. That was because they were united and demanded protection.

Shri Sham Lal Saraf (Jammu and Kashmir): It was for some purpose.

Dr. P. S. Deshmukh: Of course, they had the purpose of dividing and ruling in this country and, therefore, they did it; but because the other Backward Classes were never united, never agitated, never non-cooperated with this Government and went to jail for the country's freedom and made every possible sacrifice without a distinction of being separate from anybody, they did not receive anything. I, therefore, wrote a long letter to the Prime Minister which he sent to Maulana Sahib and because Shri Humayun Kabir was the Secretary, they took some notice of my letter. The post-matric scholarships that they started was the result of my acting in this matter.

Of course, there are many recommendations which the Commission has made. Even Kaka Kalelkar originally accepted all those recommendations contained in the report. But something happened between the

night of the 30th March, 1953 and the 31st and, therefore, we have a spectacle, a very strange spectacle. I would even like that a very high-power commission or authority should go into the various happenings. The kind of note that the Chairman of the Commission wrote, although accepting and putting down his signature to all the recommendations, is a very mysterious thing that has happened, because the note which the Chairman has written in addition to the signing of the Commission's Report negatives all that was resolved upon and recommended by the Commission. The Chairman, who signs the report and accepts all the recommendations, goes back upon it in so thorough a manner as to negative almost every recommendation contained in the Report. Some of my friends, who were members of the Commission, say that this amounts to a forgery. I would not go so far as that, but I would like this matter to be investigated. It is a very strange spectacle.

The position is that according to the Constitution this Commission was to be appointed and after the Commission had reported the following things were to be done:—

> "The President shall cause a copy of the report so presented together with a memorandum explaining the action taken thereon to be laid before each House of Parliament."

For 9½ years the Government has failed to do this. Besides that, what they are doing now is to wipe out the other Backward Classes altogether by the spacious announcement that there should be no caste, that the caste rigidity should disappear and no scholarships are hereafter to be given on the ground of social backwardness. The caste may be a thing which we want to abolish, but those who have suffered neglect as a result of caste must be protected at least for some time till they get a certain minimum standard of living; otherwise, the unfortunate people, whom my hon. friend, Shri Yashpal Singh, has described, will never have a chance.

As a result of these scholarships which were being given for the last 10 or 15 years, lots of people, hundreds of boys and girls have come out from these classes which were neglected. But if this is stopped, you will be doing double injustice. I have no quarrel with the advance boys and girls. We want everybody to be advanced, but the thing is that we are so poor, our resources are so slender that we cannot afford to give concessions and facilities to everybody who is poor. It is because our resources are limited. Even today what is the amount of the scholarships? I do not think it is more than about Rs. 12 crores or so. Originally it was only a few lakhs of rupees. A lot of effort on our part went behind in increasing these scholarships. Even today the other Backward Classes have not agitated so much for their representation in the services. The main thing is to afford them the scholarships which were being given so far. These should be continued and they should be admitted in Government institutions more easily than they are likely to be as a result of their competence. These are the two demands which were granted and were in operation till the present year. These things are also being abrogated which, I think, is a very shameful thing for the Government to do. If these two things are done, there will be some sort of relief to those people and we will also be honouring the assurance most solemnly given by no less a person than Shri Rajagopalachari when he was the Home Minister.

I would beg of you to listen to the few extracts which I have put down here. When a similar thing about the Backward Classes was being discussed, Shri Rajagopalachari said on the floor of this House on the 5th April, 1951:—

> "....Every concession to which backward tribes and classes were

[Dr. P. S. Deshmukh]

entitled in regard to welfare work and the like cannot be affected by this, because executively the Government is responsible for all these people, whatever the nomenclature of the castes may be. I do not think that....".

At that moment I got up and pointed out:—

"On a point of fact, Sir, I would like to point out that although it is not the intention of Government that any privileges or concessions enjoyed by any castes or sub-castes should be taken away, yet as a matter of fact, because of this redistribution of the various schedules, cases have occurred of students being disallowed scholarships and other concessions in the middle of the session. There are such cases in Madhya Pradesh."

Shri Rajagopalachari said:—

"That is why I used the term "assurance" in this connection. If there has been any misapprehension in the matter of such concessions, Government will take every step to see that any nomenclatural differences or other difference; that might have arisen on account of the President's order should not stand in the way of the giving of such concessions."

Further, he has categorically assured that any facility that is enjoyed by anybody would continue.

This is the most reasonable facility. Nobody in his conscience can say that these are unreasonable concessions, namely, giving of scholarships after they have passed matriculation and giving them admission; in Government institutions which on account of mere merit they cannot get. I refer to these assurances because they are being deprived of what was given to them apart from the Commission, apart from the reasonableness of these recommendations and apart from the need that every recommendation made by the Commission should be accepted by the Government because they are fair, reasonable and necessary not only in the interest of the Backward Classes but also in the national interest. I would like to warn the Government that the Indian nation can never be strong unless you show sympathy and consideration for every section of the community in India. If you pick and choose, if you are not impartial in your behaviour, people will loose faith in you. It is a big chunk of the population and if you are not true to your principles and if you do not keep these people pleased, I am sure....

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member's time is up.

Dr. P. S. Deshmukh: I would like to go on for a few minutes more.

Mr. Deputy-Speaker: Then he can continue on the next day.

14.30 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

FORTY-NINTH REPORT

Shri Hem Raj (Kangra): Sir, I beg to move:

